जिला प्रशासन ने रीट परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 27 एवं 28 फरवरी को तीन पारियों में होगा परीक्षा का आयोजन

जयपुर। जिला प्रशासन, जयपुर ने आगामी 27 फरवरी एवं 28 फरवरी को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट-2024) के सफल आयोजन के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों एवं कार्मिकों को किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के हिदायत दी है। ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले अथवा परीक्षा से संबंधित कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कार्मिकों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

■ **24 से अधिक राजस्थान प्रशासनिक सेवा एवं समकक्ष अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी**

जिला परीक्षा संचालन समिति के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा में जयपुर शहर के 233 परीक्षा केन्द्रों पर तीन पारी में कुल 2 लाख 70 हजार 18 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

27 फरवरी को प्रथम पारी (प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक) में लेवल प्रथम (कक्षा 1 से 5) की परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 87 हजार 413 उम्मीदवार पंजीकृत हैं। द्वितीय पारी में (दोपहर 3 बजे से सांय 5:30 बजे तक) लेवल द्वितीय (कक्षा 6 से 8) की परीक्षा का आयोजन होगा जिसमें 91 हजार 537 उम्मीदवार पंजीकृत हैं। वहीं, शुक्रवार 28 फरवरी को प्रात: 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लेवल द्वितीय (कक्षा 6 से 8) की परीक्षा आयोजित होगी जिसमें 91 हजार 68 उम्मीदवार पंजीकृत हैं।

शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर राजस्थान प्रशासनिक सेवा एवं समकक्ष सेवा के 24 अधिकारियों को एरिया अधिकारी एवं राजस्थान तहसीलदार सेवा एवं समकक्ष सेवा के 48 अधिकारियों को जोनल अधिकारी के रूप में जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस प्रकार प्रत्येक 10 केन्द्रों पर एक एरिया अधिकारी एवं प्रत्येक 5 परीक्षा केन्द्रों पर एक जोनल अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

उन्होंने बताया कि 233 केन्द्राधीक्षकों एवं 274 अतिरिक्त केन्द्राधीक्षकों के अलावा 274 प्रश्न पत्र समन्वयकों एवं 78 ओएमआर समन्वयकों को नियुक्त किया गया है। परीक्षा केद्रों पर 11 हजार 500 सरकारी वीक्षकों एवं 758 मंत्रालयिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

अनेक पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ प्रोफेसर सहित अफसर व कर्मचारी बैठे धरने पर

जयपुर। राजस्थान की सभी राज्य पोषित विश्वविद्यालय के शिक्षक अधिकारी एवं कर्मचारी आज विश्वविद्यालय में पेंशन का दायित्व राज्य सरकार द्वारा लिए जाने की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे इस धरने में राज्य के अनेक विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व कुलपति वरिष्ठ प्रोफेसर और अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे

प्रात: 11 से लेकर देर शाम तक चले इस धरने में जोधपुर उदयपुर बीकानेर कोटा और जयपुर से जुड़े सभी राज्य पोषित विश्वविद्यालय के कर्मचारी और शिक्षक धरने पर बड़े उत्साह के साथ उपस्थित थे

राजस्थान विश्वविद्यालय में वरिष्ठ प्रोफेसर रहे प्रोफेसर एच एस शर्मा जो की पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं, ने भारी संख्या में उपस्थित विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और शिक्षकों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में पेंशन का दायित्व राज्य सरकार द्वारा लिए जाने को लेकर पिछले कई वर्षों से राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है लेकिन राज्य सरकार की ओर से इस विषय को अभी तक गंभीरता से नहीं लिया गया है उन्होंने कहा की लगभग सभी अन्य राज्यों में विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पेंशन का संपूर्ण दायित्व राज्य सरकार द्वारा लिया जा रहा है, वह पेंशन का भुगतान भी राज्य सरकार द्वारा ही किया जा रहा है लेकिन राजस्थान में पेंशन का दायित्व विश्वविद्यालयों के ऊपर है, जबकि विश्वविद्यालयों के वर्तमान में आर्थिक हालात ऐसे नहीं है कि वह पेंशन का भुगतान अब ज्यादा दिन तक कर्मचारियों को कर पाए

राज्य भर के विश्वविद्यालय से जुड़े पेंशनर एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारी ने भी इस अवसर पर धरने पर बैठे शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। विश्वविद्यालय अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत ने भी इस अवसर पर राज्य भर से आए विश्वविद्यालय के कर्मचारी अधिकारी और शिक्षकों को संबोधित किया

सार-समाचार

बाल वाहिनी जांच अभियान शुरू

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने परिवहन के दौरान स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस,परिवहन एवं शिक्षा विभाग की ओर से संयुक्त जांच अभियान चलाये जाने व इस अभियान में जयपुर आयुक्तालय के क्षेत्राधिकार में बाल वाहिनी व यातायात नियमों की अवहेलना करने वाली बाल वाहिनी चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात योगेश दाधीच के नेतृत्व में यातायात पुलिस उपायुक्त शहीन सी ने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जयपुर-प्रथम राजेन्द्र सिंह शेखावत, जिला परिवहन अधिकारी जयपुर-द्वितीय संजय शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जयपुर भारती सिंह से बालवाहिनी संयोजक समिति की बैठक आयोजित कर आयुक्तालय जयपुर में नियम विरूद्ध चलने वाली बाल वाहिनियों के खिलाफ यातायात पुलिस, परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त चार टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों पुलिस आयुक्तालय में अलग-अलग स्थानों पर लगभग 1 हजार 500 बालवाहिनियों की सघन जाँच की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा वाहन की फिटनेस, परमिट, बाल वाहिनी नियम आदि नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की एवं शिक्षा विभाग द्वारा संस्थानों ,विद्यालयों के नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के रिकार्ड एकत्रित किये गये । जांच दौरान कुछ बाल वाहिनियाँ अनफिट पाई गई। 12 बाल वाहिनियों के परमिट एक्सपायर हो चुके थें। वहीं 04 चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं थे तो कुछ के ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि समाप्त हो चुकी थी। इस पर गठित दल द्वारा अनियमितता पाई जाने वाले 12 बाल वाहिनी वाहनों को परिवहन विभाग द्वारा मौके पर जब्त किया गया। इसके अलावा 149 बाल वाहिनी बस, 199 बाल वाहिनी वैन, 21 बाल वाहिनी मैजिक, 87 बाल वाहिनी ऑटो रिक्शा सहित कुल 506 बाल वाहिनी वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्यवाही की गई। शिक्षा विभाग द्वारा इन वाहनों से सम्बंधित संस्थानों , विद्यालयों का अग्रिम कार्यवाही के लिए रिकार्ड संधारित किया गया।

उद्यमियों के लिए साउंड थेरेपी

जयपुर। तेज़ी से बदलते व्यावसायिक माहौल में उद्यमियों के लिए मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक हो गया है। इस दिशा में, साउंड थेरेपी मानसिक तनाव कम करने और उत्पादकता बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बन रही है। 'लेट्स ग्रो टुगेदर' कार्यक्रम की संयोजक, डॉ. मेघा शर्मा फाउंडर, ऑलमाइटी इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी कॉन्क्लेव और वेडवाह ने बताया कि आज इस कार्यक्रम के अंतर्गत, आस्था माथुर ने साउंड थेरेपी विभिन्न ध्वनि तरंगों और संगीत के माध्यम से मस्तिष्क को शांत करती है, जिससे तनाव कम होता है, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है और निर्णय लेने में सहायता मिलती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह थेरेपी मस्तिष्क की तरंगों को संतुलित कर मानसिक स्पष्टता और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम में फर्स्ट रनर्स-अप, मिसेज़ इंडिया इंटरनेशनल, दीप्ति सैनी, ने स्किन केयर रूटीन पर बात की। इस दौरान फोर्टी वोमन विंग, सेक्रेटरी, ललिता कुच्छल; फोर्टी वोमन विंग की पास्ट प्रेसिडेंट, रानू श्रीवास्तव, मिताली, तारिषी, साक्षी, सारिका, अनुज्ञा, रौनक्यू, डॉ. रीना, ज्योति, आस्मा, मीना, प्रीति. डॉ. रौनक भाटी, पारुल बंसल, अपर्णा बाजपेयी, पूर्णिमा गोयल, पूजा मक्कार और शुदीपा वहां मौजूद थी।

दो वाहन चोर गिरफ्तार

जयपुर। करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर को पकडा है और उनके पास से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर शिवा बुनकर निवासी हरमाड़ा और अभिषेक कराडिया निवासी करधनी को गिरफ्तार किया गया है और उनके से चोरी की बाइक जब्त की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी से चौमू से चुराई गई एक बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

पर्स छीनने वाले दो पुलिस हिरासत में

जयपुर। हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पर्स और मोबाइल छीनने वाले गिरोह के एक बदमाश को गिरफ्तार किया और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीने गए मोबाइल-पर्स सहित वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि निरुद्ध बाल अपचारी ने पूर्व में चौमू,झोटवाड़ा,वैशाली नगर,शिप्रा पथ,मुहाना और बजाज नगर थाना इलाके में मोबाइल-पर्स सहित चोरी की वारदात चुका है और उसके पास से पूर्व में दो दुपहिया वाहन सहित छह मोबाइल भी जब्त किए जा चुके है। फिलहाल दोनों ही आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पर्स और मोबाइल छीनने वाले गिरोह के शातिर आरोपी विक्की उर्फ राकेश बागरिया निवासी फागी जिला जयपुर हाल हरमाड़ा को गिरफ्तार किया है और साथ ही इस वारदात में लिप्त एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित चोरी की बाइक से राह चलते राहगीरों से पर्स और मोबाइल छीनकर फरार हो जाते है चोरी की बाइक से एक-दो वारदात कर उस बाइक को लावारिस खडी कर दूसरी बाइक चोरी कर वारदात को अंजाम देते है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

राइसेम में कार्यशालाओं का आयोजन

जयपुर। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 एवं 'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंधन संस्थान (राइसेम) द्वारा 21 से 25 फरवरी तक विभिन्न विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। अरबन कॉपरेटिव बैंकों के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सहकारिता अधिनियम एवं नियम, बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट एवं अन्य प्रावधानों पर ये कार्यशालाएं आयोजित की गईं। कार्यशालाओं में 'सहकार से समृद्धि' एवं सहकारिता में सहकार के सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। सहकारिता विभाग के अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मानव संसाधन विकास) एवं निदेशक, राइसेम द्वारा सहकार से समृद्धि के 54 नवाचारों के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही, साइबर पॉलिसी एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी भी दी गई। कार्यशालाओं में राइसेम के अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मिलित हुए।

शिवरात्रि पर्व पर मंदिर ठिकाना गलताजी परिसर में इंतजाम दुरुस्त किये

जयपुर। शिवरात्रि के पर्व के अवसर पर मंदिर ठिकाना गलता जी के मंदिरों में जिला प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्था दुरुस्त की हैं। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी संबंधित विभागों के अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं आयोजन से जुड़े सभी इंतजामों के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। मेले में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम राजेश जाखड़ को समग्र प्रभारी बनाया गया है।

नगर निगम के अधिकारियों को परिसर एवं आस-पास के क्षेत्र में साफ-सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था करने, फायर ब्रिगेड की मय प्रशिक्षित स्टाफ तैनाती करने, मोबाइल शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। वहीं, पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर को भीड़ नियंत्रण करने के लिए अस्थाई नियंत्रण कक्ष स्थापित करने, मेला परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने एवं उनकी जांच करने करने के निर्देश दिये गए हैं।

वहीं, यातायात पुलिस उपायुक्त को मेले परिसर में वाहनों की समुचित पार्किंग एवं सुगम यातायात के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने, मेला परिसर की पार्किंग में लावारिस वाहनों एवं संदिग्ध वस्तुओं की जांच करने के निर्देश दिये गए हैं।उपखंड अधिकारी जयपुर को मेले परिसर में भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेटिंग करवाने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों की व्यवस्था करवाने, मेले एवं मंदिर परिसर के आस-पास अतिक्रमण हटवाने सहित सभी विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय को मेला समाप्ति तक मेला परिसर में आवश्यकतानुसार चिकित्सा वाहन उपलब्ध करवाने, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ के साथ-साथ आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये हैं।

विभाग की समस्याओं को मॉनिटर कर ज्वलंत मुद्दों का त्वरित निदान करें अधिकारी : कृष्ण कुणाल

जयपुर। स्कूल शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में विधानसभा के वर्तमान सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग की वर्ष 2025-26 के लिए आय व्ययक अनुदान की मांगों को लेकर मंगलवार को एक बैठक हुई, जिसमें विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों एवं संभावित प्रश्नों के अलावा प्रति उत्तर तैयार करने के निर्देश दिए गए। शासन सचिव ने संबंधित विभागों को सभी पेंडिंग प्रश्नों के उत्तर, प्रति उत्तर, विभागीय समीक्षा, उपलब्धियां, नवाचार, ब्लॉक/जिला/प्रदेश स्तरीय समस्याएं एवं ज्वलंत मुद्दों पर जवाब तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कृष्ण कुणाल ने सत्र में आए सभी प्रश्नों के संबंध में विस्तृत चर्चा की और पूरक सामग्री सहित संभावित प्रश्नों को श्रेणीवार तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया।

■ **शिक्षा विभाग के लिए आय-व्ययक अनुदान की मांग के संबंध में तैयारी बैठक**

स्कूल शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में विधानसभा के वर्तमान सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग की वर्ष 2025-26 के लिए आय व्ययक अनुदान की मांगों को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई।

आरटीई पर जोर देते हुए शासन सचिव ने प्रारंभिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं मिड डे मील, भाषा एवं पुस्कालय विभाग, राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल, आरएससीईआरटी, स्टेट ओपन स्कूल, बालिका शिक्षा फाउंडेशन, भारत स्काउंट एंड गाइड, हिंदुस्तान स्काउंट एंड गाइड सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूल या विभाग की समस्याओं का पता लगाने एवं उनके त्वरित समाधान करने और सभी सेक्शन को मॉनिटर करने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर मिड डे मील आयुक्त विश्व मोहन शर्मा, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

लूटपाट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

जयपुर। मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 फरवरी को दिन-दहाड़े रास्ते चलते मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों से 23 लाख रुपये की लूटपाट करने के मामले में लूट के मुख्य षड्यंत्रकर्ता सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 लाख 10 हजार रुपये की नगदी सहित लूट की वारदात में शामिल एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 19 फरवरी को दिन-दहाड़े रास्ते चलते मोटरसाइकिल सवार दयाल नोगिया और उसके साथी सीताराम जाट से थाना इलाके में स्थित वंदे मातरम सर्किल पर 23 लाख रुपये की लूटपाट करने के मामले में लूट के मुख्य षड्यंत्रकर्ता मेघराज चौधरी निवासी माधोराजपुरा जिला जयपुर सहित उसके अन्य साथी विशाल चौधरी उर्फ वकील निवासी सांगानेर जयपुर और करण सिंह यादव निवासी मालपुरा गेट जयपुर को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18 लाख 10 हजार रुपये की नगदी सहित लूट की वारदात में शामिल एक चौपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस इस मामले में अन्य वांछित आरोपियों सहित शेष लूट की राशि के बारे में पूछताछ कर रही है।

मानसरोवर थाना पुलिस ने लूटपाट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

नशे की भारी मात्रा में दवा जब्त

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले की आंधी थाना पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत नशे के सौदागरों पर प्रहार करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित ट्रामाडोल और अल्प्राजोलम दवा जब्त की है और साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है।

फिलहाल आरोपी बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि आंधी थाना पुलिस ने ऑपरेशन नॉकआउट अभियान के तहत नशे के सौदागरों पर प्रहार करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवा 8 हजार 840 ट्रामाडोल कैप्सूल और 750 अल्प्राजोलम टैबलेट भी जब्त की है। साथ ही एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है।

गर्मियों में होगी बिजली की निर्बाध आपूर्ति : आलोक

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक ने वितरण तथा प्रसारण निगम के अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि बिजली की मांग एवं आपूर्ति का समुचित प्रबंधन कर गर्मी के सीजन में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए डिमांड साइड मैनेजमेंट के जरिये पीक ऑवर्स में बिजली की बेहतर आपूर्ति करने की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें।

आलोक मंगलवार को विद्युत भवन से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए डिस्कॉम चेयरमैन आरती डोगरा तथा प्रसारण निगम, अजमेर एवं जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों के साथ गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। दो दिन तक उन्होंने तीनों वितरण निगमों एवं प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशकों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिजली की बेहतर आपूर्ति, मीटरिंग, आरडीएसएस, पीएम कुसुम तथा पीएम सूर्यघर योजना, आदि को लेकर सभी सर्किल अधीक्षण अभियंताओं (ओएंडएम) तथा अधीक्षण अभियंता (ट्रांसमिशन) से तैयारियों तथा प्रगति का फीडबैक लिया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि जिस प्रकार रबी के सीजन में बेहतर प्रबंधन से बिजली की समुचित आपूर्ति की गई उसी प्रकार आने वाले गर्मी के सीजन में भी प्रत्येक माह गहन मॉनीटरिंग कर उपभोक्ताओं को पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

साढ़े छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रताप नगर थाना पुलिस ने दुष्कर्मी को गिरफ्तार किया है।

जयपुर। प्रताप नगर थाना पुलिस ने सावित्री विहार प्रताप नगर जयपुर में साढ़े छह वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सोनवीर उर्फ आकाश को तुरन्त गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 24 फरवरी को साढे छह वर्षीय बालिका की अपने घर के पास से गायब होने की सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष को मिली सूचना पर एक पुलिस टीम बनाकर निर्देशित किया गया। साथ ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज देखकर आस पास तलाश की । तलाश के दौरान बालिका का परिवार जिस मकान में किराए से रहता था उस मकान की छत पर उसकी लाश मिली लाश मिलने पर मौके पर एफएसएल टीम को घटनास्थल पर बुला कर का निरीक्षण करवाया।

इधर जयपुर पुलिस कमिश्नर ने वारदात को संवेदनशीलता से लेते हुए सभी अधिकारियों की टीम को गंभीरता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। जिस पर पुलिस द्वारा संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित कार्यवाही कर घटना से संलिप्त आरोपी सोनवीर उर्फ आकाश सैनी निवासी वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर हाल उद्योग नगर जिला भरतपुर को कुछ घंटों मे गिरफ्तार किया गया। वहीं प्रकरण में शीघ्र गहनता से अनुसंधान पूर्ण कर न्यायालय में चालान पेश किया जायेगा। इस प्रकरण को केस ऑफिसर स्कीम में लिया जाकर प्रभावी अभियोजन की कार्यवाही एवं पैरवी की जायेगी। जिससें आरोपी को कड़ी सजा दिलायी जा सकें।

स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर को अव्वल बनाने के लिए सुनिश्चित हों हर संभव प्रयास

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

जयपुर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत जागरुकता अभियान के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अभियान से जुड़े हितधारकों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। साथ ही जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था एवं कचरा निस्तारण व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाने एवं सभी निर्धारित मानकों का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अधिकारियों को अपने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने एवं वेस्ट टू वंडर थीम पर यथासंभव कचरे का रचनात्मक निस्तारण अथवा पुन:उपयोग करने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर जिले को स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल बनाने के लिए बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में बैठक ली।

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को शहर में पर्याप्त संख्या में कचरा पात्र रखने एवं उनके रखरखाव की उचित व्यवस्था करने, कच्ची बस्तियों में सफाई, खुले में शौच के प्रतिबंध की पूर्णत: पालना करवाने, नालों की सफाई करवाने, कचरा पॉइंट से समय-समय पर कचरे का उठाव करवाने, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। वहीं, बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने निजी कोचिंग संचालकों एवं अन्य हितधारकों को जयपुर शहर की सफाई व्यवस्था में अपना सक्रिय भागीदारी निभाने, कोचिंग भवनों एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त जयपुर नगर निगम ग्रेटर रुक्मणी रियार, आयुक्त जयपुर नगर निगम हैरिटेज अरुण कुमार हसीजा, अतिरिक्त जिला कलक्टर मुकेश कुमार मूंड सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कोचिंग संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित अन्य हितधारकों ने शिरकत की।